एक नजर में

महिला खो खो प्रतियोगिता का शुभारंभ

उज्जैन। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में खेलों को बहुत महत्व दिया गया है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव खेलों के विकास के लिए बहुत प्रयास कर रहे हैं। खो खो हमारा परम्परागत खेल है। इस कॉलेज के विद्यार्थियों को खेल के लिए सर्व सुविधायुक्त वातावरण मिले, यह हमारी सरकार की प्राथमिकता है। हमारी सरकार खेलों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। हम खेल के विकास के लिए इस कॉलेज में डोम बनाने के लिए मुख्यमंत्री से अनुरोध करेंगे। यह उद्गार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस माधव महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय महिला खो-खो प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने व्यक्त किए। कार्यक्रम अध्यक्षता अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग डॉ. एचएल अनिजवाल ने कहा कि इस कॉलेज में बहुत परिवर्तन हो रहे हैं। इस कॉलेज के विकास में जो भी कठिनाई आ रही है, उसे दूर करने का वे प्रयास उच्च शिक्षा विभाग करेगा। प्राचार्य डॉ. कल्पना सिंह ने कहा कि आप सभी खिलाड़ियों का महाकाल और श्रीकृष्ण की शिक्षा स्थली में बहुत बहुत स्वागत है। कार्यक्रम में शासकीय कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशान्त पुराणिक ने खो खो खेल के इतिहास पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को निखारते हैं, उन्हें आगे बढ़ने के अवसर मिलते हैं। कार्यक्रम के प्रारंभ में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। संचालन डॉ जफर महमूद ने किया। क्रीड़ा अधिकारी नवीन कोरट ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरीश व्यास, क्रीड़ा अधिकारी संगीता कारलेकर, आरके कौरव, संजीत राय, प्रशान्त सूर्यवंशी, श्वेता भल्ला, डॉ. नमन सारस्वत, ऋषि वर्मा, दीपक भाया का सरस्वती सम्मान किया गया। खरगोन और ग्वालियर संभाग के मध्य हुआ जिसमें ग्वालियर ने दो पॉइंट से विजय प्राप्त की। दूसरा मैच शेड्यूल और छतरपुर के मध्य हुआ जिसमें शहडोल संभाग में विजय प्राप्त की। प्रतियोगिता के सेमी फाइनल और फाइनल मैच 12 दिसंबर को खेले जाएंगे।

जनता से किया हुआ वादा पूरा किया

उज्जैन। एमआर 5 स्थित ट्रांसफर स्टेशन पर विगत 10 वर्षों से अधिक समय के लिगेसी वेस्ट (पुराने कचरे) के पहाड़ों का निष्पादन बायो माइनिंग प्रक्रिया के तहत किया जा रहा है गुरुवार को महापौर मुकेश टटवाल एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सत्यनारायण चौहान द्वारा ट्रांसफर स्टेशन पर पहुंचकर नगर निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान महापौर मुकेश टटवाल द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि नगर निगम वर्तमान बोर्ड का जब चुनाव हुआ था। तब कॉलोनीवासियों से वादा किया गया था कि इस संपूर्ण पुराने कचरे को समाप्त किया जाएगा। जिसे आज पूरा किया गया है। ट्रांसफर स्टेशन पर पुराने कचरे का ढेर तब से था जब यहां पर कॉलोनी नहीं हुआ करती थी कॉलोनी का निर्माण बाद में हुआ। नगर निगम के अधिकारियों की मेहनत के परिणाम स्वरूप आज यहां पर वर्षों से जमे कचरे के ढेर को समाप्त किया गया शेष कचरे को भी एक माह के अंदर पूर्ण रूप से समाप्त किया जाएगा। पुराने कचरे के निष्पादन हेतु बायो माइनिंग प्रक्रिया के तहत तीन चरणों में प्रोसेसिंग सतत रूप से जारी है जिसमें पहले चरण में मिट्टी को अलग किया जा रहा है। दूसरे चरण में सीएंडडी वेस्ट को अलग किया जा रहा है। इन दोनों का उपयोग प्लांट पर ही किया जाएगा। जिसमें मिट्टी का उपयोग उद्यान के विकास के रूप में किया जाएगा एवं सीएंडडी वेस्ट से यहां स्थित प्लांट पर पेपर ब्लॉक बनाए जाएंगे। साथ ही तृतीय चरण में आरडीएफ को अलग किया जा रहा है। जिसे सीमेंट फैक्ट्री में ज्वलनशील पदार्थ के रूप में उपयोग किया जाएगा जिससे नगर निगम को आय भी प्राप्त होगी।

अभा भूतड़ा समिति की साधारण सभा 25 को

उज्जैन। अखिल भारतीय भूतड़ा समिति, जोधपुर शाखा की 41वीं वार्षिक साधारण सभा एवं पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन 25 दिसंबर गुरुवार को माहेश्वरी जनोपयोगी भवन, रातानाड़ा, जोधपुर में किया जाएगा। यह जानकारी समिति के सचिव श्री राजेन्द्र भूतड़ा ने दी। समिति की ओर से हर वर्ष की तरह इस बार भी समाज के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। वर्ष 2025 में सेकेंडरी, सीनियर सेकेंडरी, स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र, स्मृति-चिन्ह प्रदान की जाएगी।, सीनीयर हायर सेकेण्डरी में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेंडल से सम्मान भी किया जाएगा। इस के लिए सभी विघार्थी अपनी अंक तालिका समिति के पते पर 15 दिसम्बर तक पूर्ण पते के भेज सकते हैं। सचिव राजेन्द्र भूतड़ा ने बताया कि इसके साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों, समाजसेवा, प्रशासनिक सेवाओं, चिकित्सा, पुलिस, सेना, खेल एवं अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित करने वाले समाज गौरवों का भी सम्मान किया जाएगा। अध्यक्ष सुरेश चन्द्र भूतड़ा ने बताया कि कार्यक्रम में 75 वर्ष से अधिक आयु के पुरुष तथा 70 वर्ष से अधिक आयु की महिला वरिष्ठ नागरिकों, पुत्री जन्म एवं नवविवाहित जोड़ों को भी विशेष सम्मान दिया जाएगा। समिति के कोषाध्यक्ष चन्द्र किशोर भूतडा नें बताया कि समिति की ओर से कार्यक्रम में देश भर के सभी भूतड़ा सदस्यों को आमंत्रित किया गया है।

स्वर्ण आभूषण से सजे बाबा गुमानदेव हनुमान

उज्जैन। पीपलीनाका रोड स्थित अति प्राचीन विश्व के एक मात्र बाबा गुमानदेव हनुमान गढ़ी अष्ट चिरंजीवी मंदिर पर नव दिवसीय श्री हनुमान अष्टमी महोत्सव की पूर्णाहुति आज होगी। गादीपति पं. चंदन श्यामनारायण व्यास ने बताया कि नव दिवसीय श्री हनुमान अष्टमी महोत्सव बाबा गुमानदेव हनुमान गढ़ी पर मनाया गया। आज 12 दिसंबर शुक्रवार को हनुमान अष्टमी पर प्रात: 9.30 बजे मंगल आरती होगी। दोपहर में अखंड रामायण पाठ का हवन कर नव दिवसीय आयोजन की पूर्णाहुति की जाएगी। पं. चंदन व्यास के अनुसार नव दिन तक नित्य नए उत्सवों के साथ बाबा गुमानदेव हनुमानजी की सेवा की गई। जिसमें नित्य पंचामृत स्नान, सहस्त्र धारा महामस्तकाभिषेक, तुलसी अर्चन, बिल्वार्चन, द्राक्षार्चन के साथ नित्य कीर्तन, अखंड रामायण पाठ, हवन किया गया। महोत्सव के अंतर्गत सम्पूर्ण मन्दिर को आकर्षक विद्युत सज्जा एवं प्राकृतिक पुष्पों से सजाया गया। इस अवसर पर बाबा गुमानदेव हनुमान जी महाराज का आकर्षक श्रृंगार किया गया। जरी की पोशाक और स्वर्ण आभूषण से बाबा गुमानदेव हनुमान जी को सजाया गया। रात्रि 8.30 बजे महाआरती कर छप्पन भोग लगाया जाएगा।

कचरा कलेक्शन वाहन निगम को हैंड ओवर

उज्जैन। अवंतिका गैस लिमिटेड द्वारा गुरुवार को महापौर मुकेश टटवाल की उपस्थिति में ग्रांड होटल पर सीएनजी चालित 05 कचरा कलेक्शन वाहन सीएसआर गतिविधि के अंतर्गत नगर निगम को हैंड ओवर किए गए। शहर को प्रदूषण मुक्त बनाए जाने के उद्देश्य से अवंतिका गैस लिमिटेड द्वारा नगर निगम उज्जैन को 05 सीएनजी चलित कचरा कलेक्शन वाहन उपलब्ध करवाए गए हैं। जिन वार्डों में कचरा गाड़ी की आवश्यकता है उन वार्डों में कचरा कलेक्शन वाहन की उपलब्धता करवाते हुए गीला एवं सूखा कचरा पृथक पृथक संग्रहण करवाने का कार्य किया जाएगा। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सत्यनारायण चौहान, अपर आयुक्त संतोष टैगोर, अवंतिका गैस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक पंकज भगत, वाणिज्यिक निदेशक राजेश जैन, सहायक यंत्री रवि राठौर, उपयंत्री कृष्णा भूरिया उपस्थित रहे।

बैठक में महापौर सम्मिलित होंगे

उज्जैन। अखिल भारतीय महापौर परिषद कार्यकारिणी की 116 वीं बैठक 13 एवं 14 दिसंबर को सूरत में आयोजित की जा रही है। जिसमें उज्जैन से महापौर मुकेश टटवाल विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में बैठक में सम्मिलित होने के लिए आज शुक्रवार को प्रस्थान करेंगे।

सिंहस्थ की गति और प्रगति पर अफसरों का फोकस, विभागों की भूमिका तय

सिंहस्थ की तैयारियों को लेकर समीक्षा, रेलवे और टेलीकॉम विभाग को सौंपी जिम्मेदारी, मेला क्षेत्र फाइबर से होगा लैस

उज्जैन। महाकुंभ 2028 की तैयारी के मद्देनजर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दिशा निर्देशन में संभाग आयुक्त और सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह से लेकर उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए जुटे हुए हैं, यही कारण है कि लगातार बैठकों का दौर चल रहा है, स्पॉट मीटिंग भी हो रही है और विभिन्न विभागों की समीक्षा भी की जा रही है इसी के तहत रेलवे और टेलीकॉम कंपनियों की अहम बैठक ली गई।

सिंहस्थ 2028 को भव्य और व्यवस्थित रूप देने के लिए तैयारियों की गति और प्रगति का प्रशासन द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। गुरुवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में मेला अधिकारी आशीष सिंह तथा कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने रेलवे और टेलीकॉम कंपनियों के अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की। इस दौरान सिंहस्थ क्षेत्र में बन रहे रेलवे ओवरब्रिज, सड़क निर्माण और संचार व्यवस्था की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई। टेलीकॉम कंपनियों के साथ आयोजित बैठक में सिंहस्थ के दौरान संचार नेटवर्क को मजबूत करने की योजना पर विस्तृत चर्चा हुई। कंपनियों ने बताया कि मेला क्षेत्र में 300 किमी फाइबर बिछाने की योजना है। जबकि भीड़भाड़ वाले मार्गों और क्षेत्रों में नेटवर्क क्षमता बढ़ाने के लिए लगभग 100 पोल साइट स्थापित की जाएंगी। वर्तमान टॉवर साइटों को अपग्रेड करने तथा महाकालेश्वर मंदिर, अन्य प्रमुख मंदिरों और उज्जैन शहर के मुख्य प्रवेश मार्गों पर विशेष फोकस रखा जाएगा। इसके लिए हार्ड पाइप बिछाने के प्रस्ताव भी प्रस्तुत किए गए।

मेला अधिकारी सिंह ने निर्देश दिए कि कंपनियां अस्थायी लोकेशन स्थापित करने हेतु प्रस्ताव प्रशासन को शीघ्र उपलब्ध कराएं ताकि समय रहते सभी व्यवस्थाएं पूरी की जा सकें।

बैठक में मुख्यमंत्री कार्यालय के ओएसडी गोपाल डाड, रेलवे विभाग के एडीआरएम, सिंहस्थ मेला अधिकारी केएल मीणा, अपर कलेक्टर शाश्वत शर्मा, रतलाम मंडल के संभागीय इंजीनियर महेंद्र सिंह जाटव, बीएसएनएल एवं अन्य निजी टेलीकॉम कंपनियों के अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

रेलवे के सभी ब्रिज पर चर्चा-रेलवे के साथ बनाओ समन्वय

सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए एलसी क्रमांक 23 उज्जैन-नागदा रेल सेक्शन का रेलवे ओवरब्रिज पूरी तरह से तैयार कर लिया गया है। वहीं एलसी क्रमांक 07 स्थित इंदौर-देवास-उज्जैन रेल सेक्शन के विक्रम नगर क्षेत्र में दूसरा ओवरब्रिज प्रगतिरत है। फ्रीगंज के पुराने रेलवे ओवरब्रिज के समानांतर बनाए जा रहे नए ब्रिज की समीक्षा के दौरान अंडरपास में सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने और केबल एवं पाइप लाइन शिफ्टिंग को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए गए। कुल स्वीकृत 13 रेलवे ब्रिजों में से 7 पर काम शुरू हो चुका है। मेला अधिकारी सिंह ने सेतु विभाग को रेलवे विभाग के साथ बेहतर समन्वय करते हुए सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाए जा रहे कमेड ब्रिज, कर्कराज पार्किंग से भूखी माता मार्ग, तपोभूमि से हामूखेड़ी मार्ग तथा नर्सिंग घाट के ब्रिज निर्माण की भी प्रगति की समीक्षा की गई। सिद्धवट से अंगारेश्वर सबमर्सिबल ब्रिज की डिजाइन स्वीकृति लंबित है, जिसे शीघ्र स्वीकृत करवाने के निर्देश दिए गए। लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत हरिफाटक से लालपुल तक सड़क निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण करने पर जोर दिया गया। कलेक्टर सिंह ने भूमि-अर्जन संबंधी समस्याओं को शीघ्र निपटाने के निर्देश दिए। एमपीआरडीसी को ओडी सर्वे जल्द से जल्द पूरा करने को कहा गया। इसके साथ ही अन्य निर्माण कार्यों को लेकर भी दिशा निर्देश प्रदान किए गए।

शिप्रा नदी के वाटर की क्वालिटी रिपोर्ट प्रदूषण बोर्ड को देना होगी

उज्जैन में सिंहस्थ 2028 के मद्देनजर लगातार समीक्षा बैठकों का दौर जारी है इसी के तहत क्षिप्रा शुद्धिकरण को लेकर भी कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने जिम्मेदार अफसर को दिशा निर्देश जारी करते हुए रिपोर्ट मांगी है। खास तौर पर प्रदूषण विभाग के अधिकारियों को कहा है कि वॉटर क्वालिटी की रिपोर्ट तैयार करें। कलेक्टर ने गुरुवार दोपहर शिप्रा शुद्धिकरण के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कर पूर्व में किए गए कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उज्जैन में महाकुंभ का आयोजन जो होगा उसमें क्षिप्रा के जल से ही श्रद्धालुओं को स्नान कराए जाने की योजना पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मंशा अनुसार काम किया जा रहा है। कलेक्टर ने गत वर्षों में शिप्रा शुद्धिकरण के लिए किए गए कार्यों को समाहित कर नवीन कार्ययोजना बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। किसी भी सूरत में प्रदूषित कान्हा नदी का जल क्षिप्रा में ना मिले इसके लिए भी दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। बैठक में कलेक्टर ने पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के अधिकारियों को वाटर क्वालिटी रिपोर्ट प्रत्येक माह में अनिवार्यत भेजने के निर्देश दिए। प्रदूषण बोर्ड के अधिकारियों ने बताया कि इस पर काम किया जा रहा है जल्द ही रिपोर्ट प्रस्तुत होगी। बैठक में सिंचाई विभाग ने जानकारी दी कि शिप्रा पर इंदौर,उज्जैन और देवास में बैराजों का निर्माण किया गया है। कलेक्टर श्री सिंह को जिला पंचायत और नगर निगम के अधिकारियों ने विगत वर्षों में किए गए कार्यों की जानकारी दी।

कार बेचने के नाम पर 9 .30 लाख की ठगी करने वाला गिरफ्तार

आठ महीने से थी तलाश गिरफ्तारी पर रखा था इनाम

उज्जैन। कारो को गिरवी रख फर्जी एनओसी के माध्यम से बेचकर 9.30 लाख की धोखाधड़ी में फरार आरोपी को 8 माह बाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पर 10 हजार का इनाम घोषित था।

महाकाल टीआई गगन बादल ने बताया कि 17 अप्रैल 2025 को रिजवान पिता इल्यास खान निवासी बेगमबाग कॉलोनी ने थाना महाकाल उपस्थित होकर बताया था कि तथा शाहरुख पिता शाहिद खान निवासी इब्राहीमगंज, हमीदिया रोड, भोपाल द्वारा कार विक्रय के नाम पर उनके साथ धोखाधड़ी की है। आरोपी ने 5 अक्टूबर 2023 को अपने साथी अमजद पिता आजम खान निवासी चितेरा बाखल, उज्जैन के साथ एक कार क्रमांक एमएच-43-आर-1511) लेकर बेगमबाग उज्जैन आया आरोपी ने कार का मूल्य 4 लाख बताया, बाद में 3.50 लाख में सौदा तय हुआ।

कार के दस्तावेज दिखाते समय आरोपी ने एनओसी की फोटोकॉपी दी तथा मूल एनओसी 8 दिन में देने का भरोसा दिया। 40 हजार नगद व शेष अपने मित्र शाकीब के बैंक खाते से आरोपी को ऑनलाइन भुगतान कर दिए। कुछ दिनों बाद भी जब मूल एनओसी नहीं मिली तो फरियादी ने वाहन की एनओसी स्थिति चेक की, जिसमें 6 लाख का बकाया पाया गया। शाहरुख से संपर्क करने पर उसने कार वापस ले जाकर पैसे लौटाने का बहाना किया। परंतु कार ले जाने के बाद रुपए वापस नहीं किये। बाद में ज्ञात हुआ कि आरोपी ने वही कार रफीक (पूर्व पार्षद) निवासी भारत टाकीज के पीछे, भोपाल को गिरवी रखकर उससे भी पैसा ले लिया है। ऐसे ही आरोपी शाहरुख ने शाकिब खान के साथ 5.80 लाख की धोखाधड़ी की है। टीआई बादल के अनुसार मामले में प्रकरण दर्ज कर शाहरुख की तलाश की जा रही थी। लेकिन वह फरार चल रहा था उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार का नाम घोषित किया गया था। 10 दिसंबर को मुखबिर सूचना पर थाना महाकाल पुलिस की टीम द्वारा विराटनगर, उज्जैन से आरोपी शाहरुख खान को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। 8 माह से फरार इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में उपनिरीक्षक नेहा जादौन, प्रधान आरक्षक मनीष यादव, सुनील पाटीदार की भूमिका रही।

इंदौर से पकड़ाया पर्स स्नेचिंग का आरोपी

उज्जैन। 6 साल पहले महिला का पर पर्स झपटकर भाग बदमाश इंदौर से पुलिस की गिरफ्त में आ गया। आरोपी की गिरफ्तारी पर 5000 का इनाम घोषित था। पूर्व में उसके साथी को गिरफ्तार किया जा चुका था। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने बताया कि 23 जुलाई 2019 को शोभा शर्मा निवासी महाकाल वाणिज्य केंद्र नानाखेड़ा उज्जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रात्रि में जब वह पैदल घूमने के लिए घर से निकली और जैसे ही चार्टर्ड बस स्टैंड, नानाखेड़ा के सामने पहुंची। तभी पीछे से मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात युवक आए और उसके हाथ में पकड़ा छोटा पर्स छीनकर भाग निकले। पर्स में रेडमी कंपनी का मोबाइल फोन रखा हुआ था। मामले में प्रकरण दर्ज कर चार माह बाद एक आरोपी महेश पिता जगदीश चौहान 20 वर्ष निवासी देलवास, जिला रतलाम को गिरफ्तार किया गया था। उसके कब्जे से पुलिस ने महिला से छीना गया रेडमी मोबाइल फोन व पर्स विधिवत जप्त किया। कड़ी पूछताछ में आरोपी महेश ने अपने साथी राहुल पिता मंसाराम मानकर, निवासी नरवर, हाल मुकाम देवास गेट उज्जैन का नाम बताया। दूसरा आरोपी राहुल लगातार फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी पर इनाम घोषित किया गया था। 6 साल बाद गुरुवार को सूचना मिली कि फरार आरोपी राहुल पिता मंसाराम मानकर इंदौर में छुपा हुआ है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए टीम रवाना की गई और दबिश देकर फरार इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

बहन के पति को ममेरे भाई ने मारे चाकू

उज्जैन। प्रेम विवाह करने वाली युवती अपने मायके आई थी। जिसे लेने के लिए बुधवार रात पति छोटी मायापुरी पहुंचा। जहां उसकी पत्नी के ममेरे भाई ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर हमला करने वाले की तलाश शुरू की है। छोटी मायापुरी में रहने वाली शिवानी ने पांच माह पहले नागदा के ग्राम रुपेटा में रहने वाले धर्मेंद्र गहलोत से प्रेम विवाह कर लिया था। दोनों पंवासा में किराए से रहने लगे थे। बुधवार को शिवानी अपने माता-पिता से मिलने छोटी मायापुरी आई थी। जिसे लेने के लिए रात को धर्मेंद्र गहलोत अपने ससुराल पहुंचा। इस दौरान पड़ोस में रहने वाला शिवानी के मां का लड़का रोहित गोस्वामी भी आ गया और उसने चाकू से धर्मेंद्र पर हमला किया। जान बचाने के लिए धर्मेन्द्र घर की छत पर चढ़ गया। लेकिन रोहित ने उसे पर चाकू से तीन चार वार कर दिए। यही नहीं रोहित ने घर के बाहर हंगामा करते हुए दो पहिया वाहन में तोड़फोड़ की और भाग निकला। घायल धर्मेन्द्र को शिवानी के परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने चाकू के गहरे घाव लगे होने पर उपचार के लिए भर्ती किया है। मामले की जानकारी लगने पर चिमनगंज थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जानलेवा हमले का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की है। बताया जा रहा है कि शिवानी के मां का लड़का रोहित शिवानी के प्रेम विवाह से नाराज था और वह अपनी ही रिश्ते में लगने वाली बहन शिवानी से एक तरफा प्यार करता था। फिलहाल पुलिस का कहना है कि आरोपी के हिरासत में आने पर ही हमले की वजह स्पष्ट हो पाएगी।

जहर खाने वाली नाबालिग व महिला की मौत

उज्जैन। पति से झगड़ा होने के बाद पत्नी ने जहरीला पदार्थ खा लिया वहीं नाबालिग ने भी परिवार को गैरमौजूदगी में जहरीली दवाई गटक ली। दोनों को परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। राघवी थाना क्षेत्र के ग्राम आक्या से सोनकुंवर पिता गोकुल 17 वर्ष को परिजन बुधवार रात 8 बजे चरक अस्पताल लेकर आए थे। सोनकुंवर ने जहरीला पदार्थ गटका था। हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने उपचार के लिए भर्ती किया था लेकिन कुछ घंटे बाद रात में ही सोनकुंवर की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि घटना के समय सोनकुंवर घर पर अकेली थी, परिवार खेत पर गया था। सोनकुंवर कक्षा 9वीं छात्रा थी। उसकी मां मानसिक विक्षिप्त है। उसने जहरीला पदार्थ क्यों खाया इसकी जानकारी भी नहीं है।

महापौर ने की समीक्षा

उज्जैन। गुरुवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा आईईसी टीम लीडरों की उपस्थिति में शहर में डिस्पोजल ग्लास के प्रतिबंध को लेकर चलाए जा रहे 07 दिवसीय अभियान को लेकर समीक्षा की गई। जिसमें टीम लीडरों द्वारा जानकारी देते हुए अवगत कराया गया कि अभियान के अंतर्गत चाय की दुकानों, होटलों एवं गुमटियों पर पहुंचकर उन्हें समझाइश दी जा रही है कि प्रतिबंधित डिस्पोजल ग्लास का उपयोग नहीं करना है। क्योंकि यह पर्यावरण एवं स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। अभियान अंतर्गत दुकानदारों द्वारा इस अभियान की प्रशंसा करते हुए निगम के इस अभियान में सहयोग किया जा रहा है।

बकायदारों की सूची लेकर अधिकारी, कर्मचारी फील्ड में निकलें और शत प्रतिशत वसूली करें

उज्जैन। 13 दिसंबर शनिवार को समस्त झोन कार्यालयों में नगर निगम द्वारा नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें नगर निगम का संपूर्ण अमला मिशन मोड पर कार्य करते हुए लोक अदालत तक जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उसकी वसूली के लिए कार्य करेगा। उक्त निर्देश निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा गुरुवार को आयोजित राजस्व विभाग अंतर्गत संपत्ति कर एवं जलकर की समीक्षा बैठक में दिए गए।

नेशनल लोक अदालत के अंतर्गत 1500 से अधिक की संख्या में बड़े बकायदारों को चिन्हित करते हुए बिल जारी किए गए हैं। साथ ही इस बार नेशनल लोक अदालत का लक्ष्य 10 करोड़ से अधिक का रखा गया है जिसकी शत प्रतिशत रूप से वसूली की जाना है। समीक्षा बैठक में निगम आयुक्त द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि नेशनल लोक अदालत अंतर्गत जो टारगेट दिया गया है। इसके लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी फिजिकली रूप से बड़े बकायदारों से संपर्क करते हुए वसूली करें। नेशनल

लोक अदालत अंतर्गत जोन में संपूर्ण व्यवस्थाएं रहे ऑपरेटर, कंप्यूटर, इंटरनेट, कैश मशीन की व्यवस्था रहे साथ ही जोन में आने वाले नागरिकों को भी सुविधा मिले। इसलिए बैठने की समुचित व्यवस्थाएं एवं पीने के लिए पेयजल पानी की उपलब्धता रहे। शहर के बड़े होटल, मैरिज गार्डन, होमस्टे, अस्पताल एवं जितनी भी कमर्शियल संपत्तियां हैं उनसे संपत्ति कर एवं जलकर की वसूली की जाना है। बैठक में अपर आयुक्त संतोष टैगोर, पवन कुमार सिंह, संदीप शिवा, पुनीत शुक्ला, योगेंद्र सिंह पटेल, संजेश गुप्ता, मनोज मौर्य, समस्त जोन के सहायक आयुक्तगण, जनसंपर्क अधिकारी, संपत्ति कर अधिकारी एवं बिल वितरक अधिकारी उपस्थित रहे।

महाकाल में बैठक... हरसिद्धि मंदिर के पास मंदिर प्रबंध समिति ने खोला नया काउंटर, दिन-रात चालू रहेगा

श्रद्धालुओं को महाकाल का लड्डू प्रसाद अब 24 घंटे मिलेगा

नवभारत न्यूज

उज्जैन। महाकाल मंदिर में अब श्रद्धालुओं को 24 घंटे लड्डू भोग प्रसाद मिलेगा। मंदिर प्रबंध समिति ने इसके लिए हरसिद्धि मंदिर के पास स्थित पद्मभूषण पं. सूर्यनारायण व्यास अतिथि निवास के बाहर नया काउंटर शुरू किया है।

इस नई व्यवस्था के तहत श्रद्धालु बेसन और रागी से बने लड्डू का प्रसाद किसी भी समय प्राप्त कर सकेंगे। मंदिर समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया अभी तक मंदिर के अंदर व बाहर के काउंटरों से श्रद्धालु मंदिर खुलने से लेकर बंद होने तक यानी सुबह 6 बजे से रात 11 बजे तक प्राप्त कर सकते थे। लेकिन अब रात्रि में भी श्रद्धालु प्रसाद ले

सकेंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हरसिद्धि पर नया काउंटर 24 घंटे खुला रहेगा।

अखाड़ा परिषद की मांग, सिंहस्थ क्षेत्र में बिना अनुमति हो रहे निर्माण पर लगे रोक-एक और जहां शासन-प्रशासन सिंहस्थ 2028 की तैयारी में लगा है तो दूसरी और सिंहस्थ मेला क्षेत्र में बड़े पैमाने पर पक्के और स्थाई निर्माण कार्य हो रहे हैं। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी महाराज ने इन पर शासन-प्रशासन से रोक लगाने की मांग की है।

तिरुपति भगवान की प्रतिष्ठा से पूर्व अखाड़ों के साधु-संतों का समागम

श्री रामनाथ जी सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा भर्तृहरि गुफा के पीठाधीश्वर योगी पीर महंत श्री रामनाथ जी महाराज के सानिध्य में शिप्रा तट स्थित रणजीत हनुमान मंदिर के सामने की जा रही श्री तिरुपति भगवान की प्राण-प्रतिष्ठा के पूर्व गुरुवार को नगर के अखाड़ों के संत-महंतों का समागम हुआ। इस अवसर पर प्राचीन श्री ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर के पीठाधीश्वर महंत महावीर नाथ महाराज ने संतों की अगवानी की, सम्मान कर भोजन प्रसाद ग्रहण कराया एवं तिलक कर दक्षिणा भेंट की। हनुमान अष्टमी पर्व शुक्रवार को यहां प्रतिष्ठा के साथ सुबह 6 बजे से निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन होगा एवं सेवालय, वृद्धाश्रम के साथ नशा मुक्ति केंद्र का शुभारंभ अमंत्रित जनप्रतिनिधियों के हाथों संपन्न होगा। इस दौरान भी अखाड़ों के संत-महंत समारोह में उमड़ेंगे। प्रतिष्ठा से पूर्व भगवान श्री तिरुपति जी की संपूर्ण धार्मिक विधि पंडित श्रीराम शर्मा बड़वाई के द्वारा संपन्न कराई गई। सम्मेलन में 15 जोड़ों का नि:शुल्क विवाह करवाया जाएगा तथा सभी को आयोजन समिति की ओर से अनेक प्रकार की सामग्री व आभूषण आदि भेंट किए जाएंगे।